दिनांकः 04.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम के लिए वोटों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू–देशभर में बनाये गये दस लाख मतगणना केन्द्र।
- प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के साथ 4 हजार 33 राउंड में होगी मतगणना।
- लोकसभा अध्यक्ष, चार केन्द्रीय मंत्री और सात विधायकों सहित प्रदेश में 266 उम्मीदवारों की हार जीत होगी तय।
- राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड में रिश्वतखोरी को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का छापा।

000

18वीं लोकसभा के चुनाव परिणाम के लिए देशभर में वोटों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू हो गयी है। प्रदेश के 25 निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 29 केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच की जा रही है। सबसे पहले डाक मतपत्र गिने गये। उसके बाद साढ़े आठ बजे से ईवीएम के वोटों की गिनती जारी है। अब से कुछ ही देर में शुरूआती रुझान मिलने लगेंगे और शाम तक देशभर की सभी 543 सीटों के परिणाम आने की उम्मीद है। इसके साथ ही जनादेश स्पष्ट हो जाएगा। 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर विश्व कीर्तिमान बनाया है और चुनावी नतीजों को लेकर पूरे देश में उत्सुकता माहौल है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि वोटों की गिनती के लिए देशभर में लगभग साढे दस लाख मतगणना केन्द्र बनाए गए हैं। प्रदेश में मतगणना स्थलों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इसके लिए 75 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं और आरएसी कम्पनियां भी लगायी गयी हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इसके लिए 63 कक्षों में 2 हजार 713 टेबल्स लगायी गयी हैं और 4 हजार 33 राउंड में वोटों की गिनती होगी। इसके लिए 13 हजार से अधिक कार्मिक लगाये गये हैं। मतदान केन्द्र पर बिना अनुमति के किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वोटों की गिनती का काम विभिन्न राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों की मौजूदगी में किया जा रहा है। अधिकृत मीडियाकर्मियों को भी पास जारी किये गये हैं।

भाजपा लगातार पिछले दो लोकसभा चुनावों में प्रदेश की सभी सीटों पर जीत का परचम लहरा रही है। आज के नतीजों से प्रदेश की 25 संसदीय क्षेत्रों में 266 उम्मीदवारों की हार जीत तय होगी। इनमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, चार केन्द्रीय मंत्री और सात विधायक सहित कई अन्य चर्चित चेहरे शामिल हैं। कोटा के जेडीबी कॉलेज में मतगणना जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस इलाके में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

000

झालावाड–बारां लोकसभा क्षेत्र के लिए वोटों की गिनती राजकीय पोलिटेक्निक कॉलेज में हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पुत्र और चार बार से सांसद दुष्यंत सिंह के उम्मीदवार होने के कारण ये हॉट सीट बनी हुई है। उधर, जालौर–सिरोही सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत की प्रतिष्ठा दांव पर है। चूरू के चुनावी रण के नतीजे पर भी सबकी नजरें हैं। यहां भाजपा के बागी राहुल कस्वां के कांग्रेस का उम्मीदवार होने के कारण मुकाबला दिलचस्प है। श्री कस्वां के सामने अंतर्राष्ट्रीय पैरालम्पियन देवेन्द्र झाझड़िया हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि वोटों की गिनती राजकीय लोहिया कॉलेज में हो रही है और लोगों में काफी उत्सुकता है।

000

बाड़मेर संसदीय क्षेत्र में दस कक्षों की 144 टेबल्स पर वोटों की गिनती हो रही है। गौरतलब है कि इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार रवीन्द्र सिंह भाटी ने ताल ठोक कर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

000

बांसवाडा के बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के लिए भी वोटों की गिनती आज की जा रही है। महेन्द्रजीत सिंह मालवीय के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद इस सीट पर उपचुनाव हुआ है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

बीकानेर, पाली, भीलवाडा, अलवर, जालौर, राजसमंद, दौसा और हनुमानगढ़ सहित अन्य संसदीय क्षेत्रों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि लोगों में चुनावी नतीजों को लेकर खासा उत्साह है। देश में लोकसभा की 543 सीटों पर चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में करवाए गए थे। आज आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव तथा विभिन्न राज्यों के विधानसभा उपचुनाव की मतगणना भी हो रही है।

000

आकाशवाणी जयपुर की ओर से लोकसभा चुनाव की मतगणना की ताजा अपडेड श्रोताओं तक पहुंचाने के लिये आज विशेष बुलेटिन प्रसारित किये जाएंगे। राजस्थानी में विशेष बुलेटिन सुबह 10 बजे, दोपहर 12 बजे और 3 बजे तथा शाम 5 बजे प्रसारित होंगे। हिन्दी में विशेष चुनाव बुलेटिन सुबह 11 बजे और शाम 4 बजे सुने जा सकते हैं। ये बुलेटिन 5–5 मिनिट की अवधि के होंगे। इनके अलावा नियमित रूप से प्रसारित हो रहे बुलेटिनों का समय यथावत रहेगा। आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से प्रसारित ये बुलेटिन प्रदेश में स्थित अन्य सभी केन्द्रों से भी रिले किये जाएंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से राज्य के लोकसभा चुनाव परिणामों पर विशेष लाइव चर्चा रात 8 बजे होगी।
आधे घंटे का ये कार्यकम प्रदेश में आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी के दल ने राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड–आर.एस.आर. डी.सी. में रिश्वतखोरी का पर्दाफाश किया है। एसीबी ने निगम में संविदा पर काम कर रहे सेवा निवृत्त सहायक लेखाधिकारी महेश चंद्र गुप्ता को एक लाख बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि सहायक लेखाधिकारी के घर से अब तक 92 लाख रुपये से अधिक की नकदी और नोट गिनने की मशीन बरामद की जा चुकी है। इसी तरह निगम के अधिशासी अभियंता और परियोजना निदेश के घर से तलाशी में करीब 32 लाख रुपये जब्त किये गये हैं। अन्य अधिकारियों के ठिकानों पर भी तलाश जारी है।

000

प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर कुछ स्थानों पर दो दिन और चलेगा। बीते 24 घंटों में जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं तेज हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गयी। वहीं जयपुर और बीकानेर संभाग में कई स्थानों पर हीटवेव का असर रहा। सबसे अधिक तापमान 46 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। चूरू, पिलानी, हनुमानगढ सहित कुछ अन्य स्थानों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ में बीती रात धूलभरी आंधी चली और बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज और कल कई स्थानों पर लू का असर जारी रहने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के सीमावती क्षेत्रों को छोड़कर ज्यादातर जगहों पर तापमान में बदलाव के आसार नहीं हैं।